(c) Lead societies having some retail shops doing PDS business are in a better financial condition than those who are confining their business to wholesale work. It would thus be advantageous for the lead societies to have 3 or 4 retail outlets in addition to wholesale work.

(d) There is more profit in non-PDS (essential) items like non-controlled and controlled cloth, non-controlled rice/wheat, pulses, tea, salt, tyres, tubes and soaps etc. The societies should take-up business in such items in their own interest.

(e) There is a need for improving the retail sales techniques. The shops can be made cleaner and more presentable. The salesmen should be more business like and courteous to the customers. There should be better supervision by cooperative department.

(f) Some societies pointed out that the district Cooperative Banks were charging high rate of interest on the loans advanced by them to the societies for consumer business, even though the NABARD has advised them to charge only 13.5 per cent. The banks should charge not more than 13.5 per cent rate of interest on loans for consumer business.

(g) Some shortages were inevitable in retail business of PDS items. The Civil Supplies Department, however, does not give any allowance for these shortages. Some reasonable shortages should be permitted to the societies doing retail business which would cut-down their losses marginally.

(h) There is a case for an upward revision in the margin on PDS items If the margins are not revised, the societies undertaking PDS business would, sooner than later go in losses, creating another problems for the State Government to solve. In case it is not possible to increase the margins, the State Government may consider providing some managerial subsides to the societies.

गेहूं का समर्थन मूल्य

6560. **श्री जनेश्वर मिश्र** : क्या कृषि मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार ने वर्तमान फसल के लिए गेहूं का समर्थन मूल्य निर्धारित किया है ;

(ख) यदि हां, तो उसके आधार क्या हैं ;

(ग) क्या सरकार का ध्यान भारतीय खाद्य निगम के अध्यक्ष के उस बयान की ओर दिलाया गया है जिसमें उन्होंने न्यूनतम समर्थन मूल्य में की गई इस वृद्धि को बहुत मामूली बताया है; और

(घ) किसानों के लागत मूल्य और समर्थन मूल्य के बीच क्या संबंध है और क्या सरकार ने इस संबंध में जानकारी प्राप्त की है, और यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है ?

कृषि मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री अरुन्धिद नेताम) : (क) से (घ) कृषि लागत व मूल्य आयोग द्वारा दी गई सिफारिशों, राज्य सरकारों तथा संबंधित केन्द्रीय मंत्रालयों के विचारों को ध्यान में रखते हुए और अन्य संगत घटकों पर विचार करने के बाद सरकार ने 1995-96 में बेचे जाने वाले वर्ष 1994-95 की फसल के लिए उचित औसत क्वालिटी के गेहूं का न्यूनतम समर्थन मूल्य 360 रुपए प्रति क्विंटल निर्धारित किया है। सरकार द्वारा निर्धारित न्यूनतम समर्थन मूल्य न केवल उत्पादन की लागत को कवर करता है बल्कि जोत का उचित मार्जिन भी प्रदान करता है।